डॉ0 इफ्तिखार अहमद जावेद
एम.एस.सी., पी.एच.डी. (सांख्यिकी), बी.एच.यू.
अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद
पूर्व सदस्य, हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया

ڈاکٹر افتخار احمد جاوید
ایم ایس سی، پی ایچ ڈی (اسٹیٹکس)، بی ایچ یو
چیرمین اترپردیش مدرسہ تعلیمی بورڈ
سابق ممبر، حج کمیٹی آف انڈیا

Ref 2634 Date 7/11/2023

सेवा में,

मा0 मंत्री जी,
अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज,
उ0प्र0 सरकार।

विषयः—राज्यानुदानित मदरसों में कक्षा 01 से कक्षा 08 तक अध्ययनरत छात्र—छात्राओं को बेसिक शिक्षा विभाग की भांति निःशुल्क ड्रेस उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में अवगत कराना है कि अध्यक्ष, मदारिस कौंन्सिल ऑफ इण्डिया ने अपने पत्र संख्या—1011 दिनांक 01.11.2023 के माध्यम से निम्नानुसार अनुरोध किया गया हैः—

".. रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 193/ म0शि0प0—17 (1)2021 दिनांक 21 अप्रैल 2023 जो राज्यानुदानित मदरसों से आच्छादित जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को सम्बोधित तथा विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग—3 उ0प्र0 शासन लखनऊ एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा लखनऊ सहित अन्य को पृष्ठांकित है, का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। तत्क्रम में अवगत कराना है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों से यह तथ्य संज्ञान में लाया गया है कि अब तक अनुदानित मदरसों के छात्र—छात्राओं को यूनीफार्म हेतु नियत धनराशि (बच्चों/अभिभावकों के) बैंक खातों में स्थान्तरित नहीं की जा सकी है, जबकि मदरसों द्वारा अपने स्तर से समस्त कार्यवाही प्रेरणा पोर्टल पर पूर्ण करते हुए उसकी सूचना सम्बन्धित बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में कतिपय मदरसों को जिला समन्वयक (सह भागिता) बेसिक शिक्षा द्वारा अवगत कराया गया है कि अब तक राज्य स्तर से DBT योजना हेतु पोर्टल पर उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद/ अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के नियन्त्रणाधीन मदरसों को पोर्टल पर सम्मिलित नहीं किया गया है, जिस कारण जिला स्तर से उक्त छात्र—छात्राओं को यूनीफार्म आदि हेतु धनराशि

7/11/23

Office : 01-Menzine Floor, Jawahar Bhawan, Lucknow-226001
Resi. : MANZIL-E-KHUDADAD, N 13/120 I-Ka, Sarai Surjan, Bajardiha, Varanasi.
Mobile : +91 9415659297 Email : chairman.msp-up@gov.in

Scanned by CamScanner

का अन्तरण किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है और शासन/सरकार की इस महत्वपूर्ण/महत्वकांक्षी योजना का लाभ मदरसा छात्र–छात्राओं को प्राप्त नहीं हो रहा है।

विदित है कि मदरसा छात्र–छात्रायें वर्ष 2019–20 से शासन की निःशुल्क यूनीफार्म योजना से वंचित हैं और इस वर्ष जबकि रजिस्ट्रार मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा इस सम्बन्ध में नया सत्र आरम्भ होने के समय ही सम्बन्धित बेसिक शिक्षा अधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण को पत्र प्रेषित कर दिया गया था। किन्तु अब तक योजना का लाभ मदरसा छात्र–छात्राओं को प्राप्त न हो पाना अप्रांसगिक है।

अतः अनुरोध है कि कृपया इस प्रकरण में स्कूल शिक्षा निदेशालय/राज्य मुख्यालय स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराये जाने का कष्ट करें ताकि शासन की इस महत्वपूर्ण/महत्वकांक्षी योजना से मदरसा छात्र–छात्राएं भी लाभान्वित हो सकें।

अतः अध्यक्ष, मदारिस कौन्सिल ऑफ इण्डिया के प्रार्थना पत्र की छायाप्रति इस आशय से संलग्न कर प्रेषित है कि राज्यानुदानित मदरसों में कक्षा 01 से कक्षा 08 तक अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी कार्यवाही कराने की कृपा करें।

आपकी महती कृपा होगी।

धन्यवाद।

7/11/23

(डॉ0 इफ्तिखार अहमद जावेद)
अध्यक्ष

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

(डॉ0 इफ्तिखार अहमद जावेद)
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner